इ ↓ ि

3 'इ' की मात्रा

निब

हिरन

चिड़िया

✦ बोलकर पढ़ो :

दिल	बिल	सिल	रवि	छवि	कवि
सियार	सितार	गिटार	तकिया	पहिया	खटिया
डाकिया	डलिया	रजिया	रिमझिम	साइकिल	बनियान

रजिया उठ।
दिन निकल गया।
चिड़िया छत पर आ गई।
सड़क पर छिलका पड़ा था।
निहार फिसल कर गिर गया।
डाकिया साइकिल पर आया।
वह गरिमा का सितार लाया।
टिकट लगा एक लिफ़ाफ़ा
साथ लाया।

नए शब्द बनाकर लिखो :

कि
- ला – ....
- ताब – ....
- शमिश – ....

वि
- जय – ....
- मान – ....
- हार – ....

पिकनिक

शनिवार का दिन था।
दिवाकर पिकनिक पर गया।
नदिया का जल झिलमिल–
झिलमिल चमक रहा था।
रिमझिम–रिमझिम बारिश आ गई।
डाकिया साइकिल पर आया।
वह विभा का पत्र लाया।
सचिन पत्र पढ़।
लिखा था—निखिल साहिबाबाद गया।
वह रविवार तक आएगा।

महान कलाकार

आया आया कलाकार आया।
कितना महान कलाकार आया।।
पहिया, सियार, गिटार बनाया।
किला, हिरन विशाल बनाया।।
फिर उसका मन हरषाया।
झटपट एक विमान बनाया।।
कितना सारा मिला इनाम।
फिर बन गया वह धनवान।।

अभ्यास

1. चित्र पहचानो और उनके नाम लिखो :

....

2. सही शब्द छाँटकर खाली स्थान पर लिखो :

क. .... निकल गया। — दिन/दिल

ख. डाकिया .... पर आया। — चिड़िया/साइकिल

ग. निखिल .... तक आएगा। — रविवार/शनिवार

3. सही शब्दों पर ◯ बनाओ :

क.	चड़िया	चिड़िया	चिड़या	चड़यि
ख.	टिकट	टकिट	टकिटि	टकटि
ग.	तकया	तिकया	तकिया	तिकिया

4. दिए प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर लिखो :

क. सड़क पर क्या पड़ा था? ....

ख. डाकिया गरिमा का क्या लाया? ....

ग. पिकनिक पर कौन गया? ....

घ. महान कौन था? ....

ङ. कलाकार ने झटपट क्या बनाया? ....

5. चित्रों को उनके नाम से मिलाओ :





- तकिया
- मिठाई
- पहिया
- डाकिया
- सियार
- टिकट



6. शब्द-सीढ़ी पूरी करो :

कि		

गि		

7. रंग भरो :